मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–10, अक्टूबर 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## कामधेनु की सालाना जनरल मीटिंग

भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी कामधेनु इस्पात लि० की वर्ष 2013–14 की सालाना जनरल मीटिंग दिनांक 29 सितंबर, सोमवार को नई दिल्ली के रजोकरी में आयोजित की गई। कंपनी के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश कुमार अग्रवाल जी की उपस्थिति में आयोजित इस सालाना बैठक में कंपनी के निदेशक, ऑडिटर, कंपनी सेक्रेट्री तथा शेयरधारकों की उत्साहजनक भागीदारी रही।

बैठक में उपस्थित शेयरधारकों को संबोधित करते हुए चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल ने कहा कि ''आज के इस एजीएम में आप लोगों को यह जानकारी देते हुये मुझे खुशी है कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड नए मौकों को हाथों–हाथ लेकर विकास की नई राह पर चलने के लिए तैयार है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मुनाफे में 79 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी हुई थी। हमें उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में कंपनी के मुनाफे में जबर्दस्त बढ़ोतरी होगी।''

शेयरधारकों की उत्साहजनक तालियों के बीच श्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि, ''मैं आपसे सिर्फ यही कहना चाहता हूँ कि हम सिर्फ अपना आनेवाला कल बदल सकते हैं बीता हुआ कल नहीं। इसीलिये हमें अपनी पूरी ऊर्जा, पूरी ताक़त आगे बढ़ने के लिये लगाना चाहिये।''

कंपनी की आर्थिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुये कंपनी के सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल ने एजीएम के दौरान कहा, ''मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान कंपनी का मुनाफा बढ़ा है, साथ ही कंपनी की कुल बिक्री भी 11 प्रतिशत बढ़कर 256 करोड़ रुपये हो गई। लगातार तरक्की को दर्शाते हुये वित्त वर्ष 2012–13 में जहाँ कामधेनु इस्पात लिमिटेड का टर्नओवर 592 करोड़ रुपये रहा था वहीं वित्त वर्ष 2013–14 में यह बढ़कर 914 करोड़ रुपये हो गया है।''

एजीएमके खास अवसर पर कंपनी के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने उपस्थित शेयरधारकों को कामधेनु के बिजनेस मॉडल के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि ''कामधेनु ने टीएमटी सरियों के क्षेत्र में कॉन्सेप्ट ब्रैण्डिग की शुरूआत की और आज कंपनी का फ्रैंचाइजी मॉडल भारतीय बाज़ार में एक जबरदस्त मुक़ाम हासिल कर चुका है। संभावनाओं का संपूर्ण उपयोग कामधेनु की सोच में शामिल है और फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल के जरिये दरअसल कंपनी भारत भर में मौजूद उद्योगपतियों की व्यावसायिक क्षमता और प्रबंधन कुशलता को ब्राण्ड कामधेनु से जोड़ रही है। इस प्रयास से हमारी उत्पादन क्षमता और वित्तीय प्रबंधन को गति मिली है।''

अपने संबोधन के दौरान कंपनी के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने उपस्थित शेयरधारकों को प्रेरक अंदाज में कहा ''कामधेनु विश्वस्तरीय बिजनेस इथिक्स का पालन करने वाली कंपनी है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड का एक मात्र लक्ष्य बेहतरीन प्रदर्शन के जरिये देश की उम्दा कंपनियों में शामिल होना है, ताकि निवेशकों को भी इसका जमकर फायदा मिले। हमारा मानना है कि असली सफलता सिर्फ वही होती है जब आप औरों की सफलता में योगदान दे पाते हैं।''

इस सालाना बैठक में सभी उपस्थित शेयरधारकों के सम्मुख विगत वित्त वर्ष 2013–14 के ऑडिटेड बैलेंस शीट को कंपनी के निदेशकों एवं ऑडिटरों के रिपोर्ट के साथ विचार हेतु प्रस्तुत किया गया। पिछले वित्त वर्ष की समाप्ति पर 31 मार्च 2014 तक की लाभ व हानि का विवरण शेयरधारकों को सौंपा गया। इस सालाना जनरल मीटिंग के दौरान कई अन्य महत्वपूर्ण फैंसले भी लिये गये।

# हरियाणा–महाराष्ट्र चुनाव



लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत लाकर अपने दम पर सरकार बनाने की ताक़त पाकर भाजपा का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। इसका हालिया उदाहरण हमें दो राज्यों में होने वाले चुनावों की रणनीति में देखने को मिली। भाजपा ने जहाँ हरियाणा में कुलदीप बिश्नोई की हरियाणा जनहित कांग्रेस के साथ चुनावी तालमेल को खारिज कर दिया वहीं उसने महाराष्ट्र में शिवसेना के गैरवाज़िब सीट बँटवारे पर तीन दशक पुराने गठबंधन की भी परवाह नहीं की। शायद भाजपा के इस क़दम का ही असर था कि कांग्रेस और एनसीपी का गठबंधन भी टूट गया और दोनों ही राज्यों में सभी बड़ी पार्टियों ने अकेले दम पर चुनाव लड़ा।

चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर साबित किया कि प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा बरकरार है। उनकी रैलियों में लाखों की भीड़ इस बार भी नज़र आई। बिना किसी तय प्रदेश नेतृत्व या मुख्यमंत्री के चेहरे के चुनाव में उतरी भाजपा की जीत ने श्री मोदी का क़द और भी बड़ा कर दिया है। हरियाणा में भाजपा का अपने दम पर सरकार बनाना, पार्टी के लिये बड़ी सफलता है क्योंकि यहाँ भाजपा कभी मुख्य पार्टी के रूप में नहीं रही थी। महाराष्ट्र में 122 सीट जीत कर भाजपा 25 सालों के बाद 100 का आँकड़ा पार करने वाली पार्टी बन गई है। जहाँ इस दोहरी विजय में भाजपा की देश में बढ़ते प्रभाव की झलक मिलती है वहीं जानकार इन चुनाव परिणामों को जनता द्वारा कांग्रेस को पूरी तरह नकार देने के उदाहरण के तौर पर भी ले रहे हैं।



# स्वच्छता की ओर भारत

2 अक्टूबर को महात्मा गाँधी के जन्मदिवस पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने साफ–सफाई के मुद्दे को देश भर में नई गति दी है। सभी सरकारी विभागों ने अपने–अपने परिसरों में सफाई को पूरे जोर–शोर से अपना लिया है। इस अभियान से समाज के विशिष्ट तबक़े के लोग भी खुलकर जुड़ रहे हैं। खिलाड़ी, उद्योगपति, फिल्म सितारे और नेता जैसे लोकप्रिय व्यक्तियों के इस अभियान में जुड़ने से आमलोगों में भी स्वच्छता को लेकर गंभीरता बढ़ी है।

सफाई सीधे तौर पर सेहत से जुड़ा है और आज भारत में लाखों बच्चों की बीमारी की वज़ह गंदगी और लोगों की अस्वच्छ आदतें हैं। स्वच्छता के इस अभियान को राजनीति से दूर रखते हुये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू जी से इंदिरा गाँधी जी के जन्मदिवस 14 से 19 नवंबर की अवधि में बच्चों को साफ–सफाई के महत्व को सिखलाने के लिये विशेश कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये हैं।

# बैंकाक की सैर पर गये बक्सर डीलर

टीएमटी सरियों के सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक, कामधेनु इस्पात लि0 के बेहतरीन गुणवत्ता वाले विश्वस्तरीय उत्पाद आज देश भर में भरोसेमंद निर्माण की पहली पसंद बन चुके हैं। उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने में सफल रही, कामधेनु उत्पादों की माँग आज देश के कोने–कोने में है। कंपनी का देश भर में फैला हुआ मज़बूत डीलर नेटवर्क बहुत ही कुशलता और सफलता के साथ उपभोक्ताओं को सेवायें दे रहा है। कामधेनु इस्पात लि0 भी बेहतरीन व्यावसायिक सिद्धांतों का पालन करते हुये अपने सभी डीलरों को ब्राण्ड कामधेनु की सफलता का सच्चा भागीदार मानती है। कंपनी समय–समय पर डीलरों के लिये लाभकारी योजनायें लाती रहती है और अच्छा परिणाम देने वाले डीलरों को पुरस्कृत और प्रोत्साहित करती रहती है। ऐसे प्रोत्साहन डीलरों को प्रेरित कर कंपनी के बाज़ार नेटवर्क में नई ऊर्जा भरने का काम करते हैं।




हाल ही में 1 से 7 सितंबर के बीच कंपनी ने बिहार के बक्सर के डीलरों के लिये थाईलैंड की 5 दिन/4 रातों की मज़ेदार सैर का आयोजन किया। वित्तीय वर्ष 2012–13 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिये कंपनी की तरफ से जिले के 14 डीलरों को इस सैर पर जाने का मौका दिया गया। मेसर्स मारूति इंटरप्राइज़ेज, पटना के डिस्ट्रीब्यूटरशिप के अंतर्गत बक्सर के सुपर डीलर श्री बबलू पाण्डे ने बैंकाक और पट्टाया की इस सैर का बढ़िया इंतजाम किया। राज्य में लाइसेंस के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी दादीजी स्टील्स लि0 के मार्केटिंग अधिकारी श्री कृष्णा कुमार भी इस ट्रिप में डीलरों के साथ थे।

थाइलैंड में टीम ने बैंकाक शहर की सैर की और नज़ारा करते हुये सबने शहर के मशहूर पर्यटन स्थलों को देखने का लुफ्त उठाया, जिसमें मारबल टेंपल और गोल्डन टेंपल भी शामिल थे। पट्टाया में ठहरने के दौरान टीम समुंदर का शानदार सफर करते हुये कोरल आइलैंड गई। सबने जेम्स गैलरी और फ्लोटिंग मार्केट जैसी कई जगहों पर घूमने का आनंद उठाया। सभी डीलर थाइलैंड से अपने दिल में प्यारी यादें और मेहनत के द्वारा बड़े से बड़ी सफलतायें पा लेने का मज़बूत इरादा लेकर लौटे।

# पंजाब की पसंद बनी KAMDHENU SS10000




निर्माण सेक्टर में भारत की अग्रणी कंपनियों में शामिल कामधेनु इस्पात लिमिटेड का नवीनतम प्रीमियम उत्पाद Kamdhenu SS 10000 भारत में अपनी तरह का एकमात्र उत्पाद है जिसमें है डबल रिब्स, डबल मजबूती और जो देती है डबल सुरक्षा। अपनी अनूठी खासियत की वजह से Kamdhenu SS 10000 कंक्रीट के साथ साधारण सरियों के मुकाबले 254 प्रतिशत अधिक मजबूत जोड़ बनाता है, जिससे इमारतों को कई गुणा अधिक मज़बूती मिलती है। साथ ही Kamdhenu SS 10000 में अनोखा सिस्मिक डिजायन है जिसके कारण इसमें भूकंप से बेहतर मुकाबला करने की क्षमता भी है। देश के अन्य राज्यों की तरह ही पंजाब में भी Kamdhenu SS 10000 की माँग लगातार बढ़ रही है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड समय–समय पर निर्माण उद्योग से जुड़े लोगों को जागरुक बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने हाल में ही पंजाब के मुक्तसर ज़िले में मैसन मीट का आयोजन किया। राज्य में Kamdhenu SS 10000 को और अधिक लोकप्रिय बनाने एवं राज्य में सुरक्षित निर्माण बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओम पैलेस किल्लनवाली में आयोजित इस मैसन मीट में मुक्तसर जिले के करीब 90 राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों ने हिस्सा लिया।

कंपनी की ओर से श्री वी के गहलौत, सीनियर जी एम और 3 मैनेजर श्री रजनीश, श्री हिमांशु एवं श्री शैलेन्द्र कार्यक्रम में उपस्थित हुये। साथ ही Kamdhenu SS 10000 के स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिनेश राठी सोमानी ने भी इस मीट में शिरकत की। श्री वी के गहलौत, सीनियर जी एम ने उपस्थित राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों का स्वागत करते हुये उन्हें कंपनी के बारे में जानकारी दी और Kamdhenu SS 10000 की उच्च गुणवत्ता तथा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक के बारे में बताया। अपनी बात को स्पष्टता से रखते हुये उन्होने बताया, ''यह उत्पाद हमारी रिसर्च टीम के 2–3 वर्षों की कड़ी मेहनत और यूके की अत्याधुनिक तकनीक का सम्मिलित परिणाम है। बेहतरीन गुणवत्ता की वजह से Kamdhenu SS 10000 का इस्तेमाल फ्लाईओवर, बाँध, राजमार्ग जैसी बड़ी परियोजनाओं में किया जा रहा है।''

सभी ठेकेदारों ने कार्यक्रम के दौरान मिली उपयोगी जानकारियों के लिये प्रसन्नता दिखाते हुये Kamdhenu SS 10000 को अपनाने का भरोसा जताया।





# कामधेनु दिवाली मिलन

रोशनी का त्योहार, दिवाली उत्तर भारत में एक पावन अवसर के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दिवाली वाले सप्ताह मे सब कोई उत्सव के उल्लास में डूबे रहते हैं। भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 भी दिवाली के मौके को अपने सहयोगियों की उपस्थिति में उत्साह से मनाती है। इस वर्ष 20 अक्टूबर को एयरफोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रतो पार्क में कामधेनु दिवाली मिलन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल के साथ सभी डायरेक्टर; श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल सहित सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल भी सपरिवार इस आयोजन में शामिल हुये। कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत कई स्टॉल्स लगाये गये थे, जिन पर खेल एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ उपलब्ध थी। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटरों और डीलरों ने दिवाली मिलन में सम्मिलित होकर इन गतिविधियों में भाग लिया और भरपूर आनंद उठाया। सभी आगंतुकों को दिवाली की शुभकामना देते हुये कामधेनु इस्पात लि0 के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, '' मेरी यही कामना है कि दिवाली के प्रकाश की तरह ही आप सबों का भविष्य भी उज्जवल हो और आप सब समृद्धि और खुशहाली की बड़ी से बड़ी मंज़िलें हासिल करें।'' कंपनी के डायरेक्टर; श्री सुनील अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, ''दिवाली का समय, पिछले दिनों की कोशिशों और उपलब्धियों का लेखा–जोखा लेकर नई और बेहतर शुरूआत करने का अवसर है। मेरी शुभकामना है कि आने वाले वर्ष में आप सब नई ऊर्जा और नई चमक में जगमगायें।''



## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

| मैसर्स लाभ सिंह बलवीर सिंह | मैसर्स रमन अरोड़ा एण्ड कम्पनी | मैसर्स जिंदल आयरन स्टोर |
|---|---|---|
| लाला लाजपत राय रोड | जीरा रोड, | ग्रेन मार्किट, |
| कमल चौक, जगरांव | कोट इस्से खान | निहालसिंह वाला |
| जिला – लुधियाना–142026 | जिला – मोगा–142043 | जिला – मोगा–142055 |
| मो. – 09878007655 | मो. – 09855700641 | मो. – 09855154067 |

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.10.2014



KAMDHENU PAINTS presents

# कामधेनु पेंट्स ने बिखेरे, सितारों भरे नज़ारे



सजावटी पेंट के क्षेत्र में अग्रणी भारतीय कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट आज देश भर में अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और विविधता के लिये जाना जाता है। विभिन्न बाज़ार जरूरतों को ध्यान में रखते हुये कंपनी हर प्रकार के उपभोक्ताओं की रूचि और आवश्यकता के लिये पेंट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराती है। जिसके फलस्वरूप लगातार अपने पैर जमाते हुये कंपनी कम समय में ही महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में क़ामयाब रही है।

कामधेनु पेंट अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है और उपभोक्ताओं तक पहुँच और बाज़ार में पैठ बनाने में अपने डीलरों की भूमिका की सराहना करती रही है। कामधेनु पेंट का सेल्स व मार्केटिंग डिवीजन, नियमित तौर पर डीलरों के लिये पुरस्कार और इनामी योजनायें निकालता रहता है, जिससे अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को प्रोत्साहन मिलता है और सभी डीलर प्रेरित होते हैं।

अगस्त माह में इस साल के सबसे बड़े डीलर इंसेटिव स्कीम ''बॉलीवुड स्टार नाइट स्कीम'' को लॉच कर कंपनी ने लक्ष्य को पूरा करने वाले डीलरों को 2 रात व 3 दिनों के लिये मुंबई के निकट एम्बी वैली रिसोर्ट, लोनावला में आयोजित बॉलीवुड स्टार नाइट में जाने का मौक़ा दिया है। जिन डीलरों ने 1 अगस्त से 15 सितंबर के बीच स्कीम के अंतर्गत निर्धारित मात्रा के बराबर या अधिक कामधेनु पेंट उत्पाद उठाया है और अपने बकायों का भुगतान कर दिया है, सिर्फ उन्हीं डीलरों को लोनावला के हसीन वादियों में आयोजित इस जबरदस्त रंगारंग कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इस अनूठे स्कीम में देश भर के डीलरों ने उत्साह से हिस्सा लिया है।

9 और 10 नवंबर 2014 को होने वाले इस बॉलीवुड स्टार नाइट में फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन, मिनीशा लांबा और शेफाली जरीवाला सहित कई जाने–माने सितारे आ रहे हैं।। प्रसिद्ध टीवी एंकर हुसैन कुवाजरेवाला और दृष्टि शरण भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। बिग बॉस से प्रसिद्ध हुई क्लॉडिया के अलावा कई विदेशी मूल के डांसर इस कार्यक्रम के दौरान नाच–गाने के दिलचस्प आइटम पेश करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध टैरो कार्ड कंसल्टैंट अनुभा गुप्ता भी मौजूद रहेंगी जिनसे डीलर अपने लक्ष्य की भविष्यवाणी जान पायेंगे। इसके अतिरिक्त लकी ड्रॉ के द्वारा डीलरों को मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, एसी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन आदि ईनाम जीतने का मौक़ा भी दिया जायेगा।




Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092